गुरु पूर्णिमा के मौके पर पाली के कलेक्टर नीरज के पवन को स्मृति चिह्न से सम्मानित करते दाती जीमहाराज।

श्री प्रदीप जैन को सम्मानित करते दाती जी महाराज।

श्रीमती नीमा जोशी के साथ दाती जी महाराज।

बिगड़े मुकद्दर संवारते मेरे दाती महाराज

ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु की बजाय सद्‌गुरु की शरण में जाना चाहिए। सद्‌गुरु वह है जो अपने भक्त में भरे पूरे ज्ञान को खत्म कर उसे शून्य तक ले आए तथा खुद से खुद का साक्षात्कार कराए....

जब मेरी नियुक्ति बतौर जिला कलेक्टर पाली में हुई तो मन में दाती महाराज से मिलने की उत्सुकता ना जाने क्यों प्रबल हो उठी। मैंने उनके बारे में बहुत सुना था। उनके समाज कल्याण के कार्यों का मैं पहले से ही मुरीद था। एक रोज मैंने दाती महाराज से आग्रह किया कि कन्याभ्रूण हत्या रोकने के लिए व्यापक मुहिम की जरूरत है। श्रीशनिधाम ट्रस्ट की ओर से इस कुरीति को मिटाने के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है, उसमें मैं भी सहयोग करना चाहता हूं ताकि यह अभिशाप जल्द से जल्द समाज से मिट जाए। इसके बाद विचार-विर्मश शुरू हुआ तो दाती महाराज ने दाती सुमंगला योजना को शुरू करने का प्रस्ताव रखा और एकाएक यह योजना जिले में क्रियान्वित भी कर दी गई। इस योजना के तहत सैकड़ों परिवारों को लाभ मिला। इस योजना के तहत कन्या के जन्मोत्सव से लेकर शादी तक का खर्च श्रीशनिधाम ट्रस्ट उठाता है। इसके साथ ही दाती महाराज ने गरीबों के लिए दाती गरीब कार्ड योजना शुरू की ताकि कोई भी भूखा न रहे। गरीब कार्ड योजना के तहत हर माह तीन सौ रुपये, फ्री मेडिकल सुविधा, दस किलो गेहूं और एक जोड़ी वस्त्र प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा मातृत्व रक्षा के लिए दाती संकट मोचन योजना की शुरुआत की गई। मैं दाती महाराज और श्रीशनिधाम ट्रस्ट का आभारी हूं कि बिना सरकारी सहयोग इन योजनाओं का जिला में संचालन हो रहा है। यहां एक बात और कहना चाहता हूं, जब मैं करौली में था तब मैंने दाती महाराज से एक आग्रह किया था कि गरीब बच्चों के लिए पोशाकों की जरूरत है। उन्हें इस काम के लिए मेरी उम्मीद से ज्यादा मदद की थी।

नीरज के पवन (जिला कलेक्टर पाली)

दाती महाराज द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य काबिले तारीफ हैं। मैं उन आभारी हूं कि वह देश, समाज और युवा पीढ़ी को नई और सार्थक दिशा प्रदान कर रहे हैं।

-रमेश कुमार (सांसद, साउथ दिल्ली)

दाती महाराज जो कुछ काम कर रहे हैं, उनको शब्दों में नहीं समेटा जा सकता है। उनके बताए मार्ग पर चलकर आपको रौशनी मिलती है। इस का नजारा आप देख ही चुके हैं। उनके नेतृत्व में पल रहे बच्चों की प्रतिभा की हर कोई तारीफ करता है।

-रघुवीर मीणा (सांसद, उदयपुर)

आपकी समाज के प्रति निष्ठा और देश की प्रगति के लिए किए जा रहे काम वास्तव में सराहनीय हैं। आपका जीवन वास्तव में धन्य है। मैं आपको बार-बार नमन करता हूं।

विजेंद्र गुप्ता, (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा)